सेना के जांबाज जवानों को अपमानित करने का काम कर रही है भाजपा : कल्ला

बीकानेर में अग्निपथ योजना के विरोध में शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला सहित कांग्रेसजनों ने जस्सूसर गेट पर धरना दिया।

- अग्निपथ योजना के विरोध में कांग्रेसजनों का धरना

बीकानेर,(कासं)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आव्हान और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार देश भर में विधानसभा स्तरीय सत्याग्रह कार्यक्रम के तहत बीकानेर पूर्व और पश्चिम विधानसभा का सत्याग्रह शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा सम्पन हुआ

पूर्व विधानसभा कार्यक्रम गांधी पार्क में सम्पन हुआ वही पश्चिम विधानसभा का कार्यक्रम जसुस्सर गेट के अंदर सम्पन हुआ जिला अध्यक्ष यशपाल गहलोत की अध्यक्षता में दोनो कार्यक्रम सम्पन हुए पश्चिम में काबीना मंत्री डॉ बुलाकीदास कल्ला तो पूर्व में नोखा पालिका चेयरमैन नारायण झंवर ने जिमेदारी संभाली। सत्याग्रह के दौरान रघुपति राघव राजा राम और वैष्णव जन ते तेने कहिए पीर पराई जाने रे के भजन गाये गए और केन्द्र की भाजपा सरकार को सद्बुद्धि की प्रार्थना की गई

जसूस्सर गेट पर काबीना मंत्री डॉ बुलाकीदास कल्ला ने कहा कि भाजपा के मंत्री और पदाधिकारी भारतीय सेना और देश के जांबाज जवानों को अपमानित करने का कार्य कर रही है। भारतीय सैनिक हमारा अभिमान है। हमें गर्व है उनकी वीरता पर और भाजपा के मंत्री उन्हें अपने यहां चौकीदार रख लेने की बात कर रहे हैं जो कि सरासर उनका अपमान है।

भाजपा की कथनी और करनी पर भी कटाक्ष करते हुए कल्ला ने कहा कि एक तरफ वे एक रैंक एक पेंशन की बात करते हैं। दूसरी तरफ वे चार साल बाद रिटायरमेंट की बात करते हैं जो कि देश के साथ छलावा है। डॉ कल्ला ने कहा कि ये योजना देश की सेना की मजबूती और निपुणता को कम करने और स्थायित्व को खत्म करने का कार्य है हम इसका विरोध करते हैं।

जिला अध्यक्ष यशपाल गहलोत ने दोनों स्थानों पर कहा कि भारतीय जनता पार्टी और उनके मंत्री ये मानते हैं कि अब देश में जो चाहे वो कर लो कौन रोकने वाला है। वे भूल जाते हैं कि कांग्रेस का एक एक सिपाही अपने देश की अस्मिता को बचाने में अपनी जान देने से भी गुरेज नहीं करता।

अग्निपथ योजना देश की सुरक्षा प्रणाली से खिलवाड़ करने की योजना है जिसका कांग्रेस आज सत्याग्रह के माध्यम से विरोध कर रही है अगर जरूरत पड़ी तो इस सरकार से सड़क पर संघर्ष में भी पीछे नही हटेंगे और किसी भी सूरत में देश की सुरक्षा प्रणाली से समझौता नही होने देंगे। नोखा नगर पालिका चेयरमैन नारायण झंवर ने कहा कि किसी भी देश की ताकत उसके सुरक्षा घेरे से नापी जाती है और आज तक भारतीय सेना अपने सैन्य दम और साहस के लिए जानी जाती रही है और वर्तमान में जो अग्निपथ योजना है वो देश के साथ सबसे बड़ा मजाक मोदी सरकार द्वारा है जिसे किसी भी रूप में लागू नहीं होने देंगे।

प्रदेश सचिव हाजी जिया उर रहमान आरीफ ने कहा कि सत्याग्रह के माध्यम से हम केन्द्र सरकार को चेताना चाहते है कि जो देश की अस्मिता पर सवाल खड़ा कर ऐसी किसी भी योजना को कांग्रेस भारत में लागू नहीं होने देगी

प्रदेश सचिव गजेन्द्र सिंह सांखला ने कहा कि अग्निपथ योजना देश के युवाओं को बरगलाने के अलावा कुछ नहीं है। ये वो योजना है जो भारतीय युवाओं को किसी भी परिस्थिति से निपटने के कौशल से वंचित कर देगी और सैन्य ताकत के रूप में हम कमजोर होंगे। पूर्व विधानसभा में प्रदेश कांग्रेस की तरफ से नियुक्त समन्वयक हनुमागढ़ से पधारे कृष्ण नेहरा ने कहा कि जिस तरह हमारे से पूर्व कांग्रेसी नेताओं ने देश के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर कर दिया।

ठीक उसी तरह अब हम सभी को मिलकर देश को तोड़ने वाली इस योजना का विरोध कारण है पूर्व संसदीय सचिव और विधानसभा पूर्व प्रत्यासी कन्हैयालाल झवर ने कहा कि अग्निपथ योजना देश की अस्मिता और सुरक्षा के लिहाज से बिल्कुल भी सही नही है इसका निर्णय केन्द्र सरकार को वापिस लेना चाहिए। चूरू से आये पश्चिम विधानसभा समन्यवयक राधेश्याम चोटिया ने कहा कि भाजपा भूल जाती है कि ये वही कांग्रेस है जिसने देश को आज़ाद करवाने के लिए अंग्रेजी दासता के दांत खट्टे कर दिए तो क्या देश को तबाह करने वाली भाजपा की नीतियों को चुपचाप देखती रहेगी।

नहीं आज तो गांधीवादी सत्याग्रह है जरूरत पड़ी तो देश की खातिर जान देने से भी पीछे नहीं हटेंगे। राज्य मंत्री मदनगोपाल मेघवाल ने कहा कि भाजपा की नीतियां जो देश को बर्बाद करने और देश के संघीय ढांचे को तोड़ने की है। उसको कभी बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। प्रवक्ता नितिन वत्सस ने बताया कि पूर्व और पश्चिम विधानसभा के सत्याग्रह कार्यक्रम में वरिष्ठ उपाध्यक्ष अब्दुल मजीद खोखर, हारून राठौड़, श्रीलाल व्यास, अरविंद मिढा, शब्बीर अहमद, आज़म अली, ललित तेजस्वी पार्षद यूनिस अली, पार्षद मनोज नायक आदि ने भाजपा की नीतियों का विरोध करते हुए अग्निपथ योजना को बंद करने की मांग रखी।

चार साध्वी का भीनासर में मंगल प्रवेश

बीकानेर,(कासं)। पूरे विश्व में शांति हो, महामारी व व्याधियों से मुक्ति मिले एवं सर्वजन कल्याण हो इसी भावना के साथ भीनासर स्थित जैन मंदिर में जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ का शक्रस्तव अभिषेक व पूजन किया गया।

जैन श्वेताम्बर तपागच्छ संघ व कोचर फ्रेंड्स क्लब के तत्वावधान में व साध्वी सौम्यप्रभा की निश्रा में भगवान पार्श्वनाथ का शक्रस्तव अभिषेक किया गया। इस अभिषेक की विशेषता है कि शरीर की व्याधि का नाश होता है तथा विश्व में शांति बनी रहे ऐसी प्रार्थना की गई। संघ के जीतू कोचर ने बताया कि शांति कलश की स्थापना की गई।

इस दौरान शांति पाठ व आरती करके विश्व कल्याण की कामना की गई। कार्यक्रम में कोचर मंदिरात ट्रस्टी किशोर कोचर, राहुल दफ्तरी परिवार, विजयचंद बांठिया, जयंतीलाल कोचर, पारस कोचर, नरेन्द्र कोचर, अंकित कोचर सहित सैकड़ों श्रावक-श्राविकाओं की सहभागिता रही। कार्यक्रम के दौरान पूरा मंदिर फूलों से तथा श्रद्धालुओं की भक्ति से सराबोर नजर आया।

जैन महासभा के सचिव सुरेन्द्र बद्धानी ने बताया कि केकड़ी से विहार करते हुए साध्वी सौम्यप्रभा साध्वी सौम्यदर्शना , साध्वी अक्षयदर्शनी व साध्वी परमदर्शनाका भीनासर में शनिवार को पदार्पण हुआ। सुरेन्द्र बद्धानी ने बताया कि 29 जून को भीनासर से गोगागेट स्थित कोचरों की दादाबाड़ी में चारों साध्वी का प्रवास रहेगा। 6 जुलाई को सुबह गोगागेट स्थित गौड़ी पार्श्वनाथ मंदिर से चारों साध्वी का चातुर्मासिक नगर प्रवेश होगा।

सार-समाचार

लोको पायलट सम्मानित

बीकानेर,(कासं)। उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर मंडल के हिसार -चडौद रेलखंड पर 14 जून को मालगाड़ी संचालन के दौरान लोको पायलट नौशाद अली और सहायक लोको पायलट लोकपाल सिंह ने देखा कि एक मोटरसाइकिल सवार मोटरसाइकिल के साथ रेलवे ट्रैक के बीचों बीच फंसा हुआ है और निकलने की कोशिश कर रहा है। लोको पायलट और सहायक लोको पायलट ने तुरंत एक्शन लेते हुए गाड़ी में इमरजेंसी ब्रेक लगाई और गाड़ी लगभग 50 मीटर पहले खड़ी हो गई। जिसके कारण होने वाली संभावित दुर्घटना को टाला और जान माल के होने वाले नुकसान को बचाया जा सका। मंडल रेल प्रबंधक राजीव श्रीवास्तव ने सोमवार को मंडल कार्यालय में नौशाद अली एवं लोकपाल सिंह को उनके इस प्रशंसनीय कार्य के लिए नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

तेरापंथ युवक परिषद टीम की घोषणा

बीकानेर,(कासं)। तेरापंथ युवक परिषद गंगाशहर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अरुण कुमार नाहटा ने अपनी टीम की घोषणा की जिसमें मंत्री भरत गोलछा, उपाध्यक्ष प्रथम महावीर फलोदिया, उपाध्यक्ष विनीत बोथरा, सहमंत्री मांगीलाल बोथरा, सहमंत्री ऋषभ लालाणी, कोषाध्यक्ष दीपक बोथरा एवं संगठन मंत्री रोहित बैद को नियुक्त किया। निवर्तमान अध्यक्ष विजेन्द्र छाजेड़ ने शपथ ग्रहण करवाई और सभी पदाधिकारियों को नए कार्यकाल के लिए बधाई दी। शपथ ग्रहण के पश्चात पूरी टीम ने शांति निकेतन में विराजित साध्वी वृंद व तेरापंथ भवन गंगाशहर में विराजित मुनि के दर्शन किये और मंगलपाठ श्रवण किया। नैतिकता के शक्तिपीठ पर पुरी टीम ने पूज्य गुरुदेव तुलसी की समाधि पर माला फेर कर उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। इस कार्यक्रम के दौरान महिला मण्डल से कविता चौपडा, तेरापंथी सभा से अमरचन्द सोनी, आचार्य तुलसी समाधी स्थल से हंसराज डागा, अणुव्रत समिति से राजेन्द्र बोथरा, अभातेयुप कार्यकारिणी सदस्य मनीष बाफना, अभातेयुप क्षेत्रीय सदस्य पीयूष लूणीया, किशोर मण्डल से दीपेश बैद, ललित राखेचा व सभी ने प्रज्ञा दिवस और तेयुप के नव मनोनीत अध्यक्ष अरुण कुमार नाहटा और उनकी टीम को बधाई प्रेषित की और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के अंत में सेवा केन्द्र व्यवस्थापिका साध्वी कीर्तिलता ने अपने मंगल उद्बोधन में तेयुप गंगाशहर को अपने नए कार्यकाल के लिए दिशा निर्देश दिए और मंगल पाठ सुनाया।

समर कैम्प में आत्मरक्षा के गुर सिखाये

बीकानेर, (कासं)। राजस्थान प्रान्तीय शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा, बीकानेर, शिवशक्ति परिवार सूरत-बीकानेर व पार्थ कम्प्यूटर्स के सयुंक्त तत्वावधान में शिवशक्ति सदन में आयोजित 21 दिवसीय समर कैम्प 2022 का समापन हुआ। इस अवसर पर बालक बालिकाओं के दो क्रिकेट मैच खेले गये जिसमें बच्चों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। उपरांत मीनाक्षी शर्मा द्वारा सिखाये गये आत्मरक्षा के स्टेप का प्रदर्शन सुहानी व मानवी शर्मा के नेतृत्व में किया गया। मनमोहन शर्मा द्वारा दिये डांस का प्रदर्शन भी किया गया, जिसे उपस्थित लोगों को काफी पसन्द किया। इस अवसर पर बच्चों के अभिभावक भी काफी संख्या में मौजूद थे। महासचिव संजय शर्मा ने कैम्प की पूरी जानकारी देते हुए बताया कि कैम्प 65 बच्चों ने भाग लिया। जिसमें अधिकाश युवाओं ने आत्मरक्षा, डांस, कम्प्यूटर, क्रिकेट प्रशिक्षण में भाग लिया। मैच व प्रदर्शन के बाद पुरस्कार वितरण समारोह समाज के वरिष्ठ समाजसेवी सूर्य प्रकाश शर्मा, पूर्व महासचिव आर. के. शर्मा, प्रहलाद दास सेवग, पुरूषोत्तम लाल सेवक, श्रीलाल सेवग, मनोज शर्मा के साथ-साथ रविन्द्र शर्मा, मनोज भोजक, मनोज शर्मा अशोक शर्मा, राजेश शर्मा, सीमा शर्मा (सी.ए.) शिवशक्ति परिवार के घनश्याम, गुलाब शर्मा, जतिन शर्मा, कृष्णा शर्मा, सीमा शर्मा ने कैम्प में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कार दिया। कार्यक्रम का संचालन संजय शर्मा ने किया तथा सभी आगंतुकों का आभार शिवशक्ति परिवार की सीमा शर्मा ने किया।

उप कारागृह का निरीक्षण किया

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव गजेंद्र सिंह तेनगुरिया द्वारा सोमवार को करणपुर मुख्यालय पर स्थित उप कारागृह का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान तेनगुरिया द्वारा जेल अधिकारियों से बंदियों को दी जाने वाली सुविधाएं आदि का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित बंदी गण को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई तथा निःशुल्क विधिक सहायता योजना के तहत अधिवक्ता उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में अधिवक्ता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीगंगानगर की ओर से उपलब्ध करवाए जाने की प्रक्रिया के बारे में अवगत कराया।

बालश्रम उन्मूलन के लिए चलेगा विशेष अभियान

- जिला स्तरीय टीमों का पुनर्गठन किया गया है
- ये सात टीमें जुलाई से सितम्बर तक रेस्क्यू एवं जनचेतना के सघन कार्यक्रम आयोजित करेगी

बीकानेर,(कासं)। बालश्रम उन्मूलन के लिए गठित जिला स्तरीय टीमों का पुनर्गठन किया गया है। यह सात टीमें जुलाई से सितम्बर तक रेस्क्यू एवं जनचेतना के सघन कार्यक्रम आयोजित करेगी।

जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी नित्या के. इस अभियान की नोडल अधिकारी होगी। वहीं सात टीमों का गठन करते हुए राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी को इनका प्रभारी नियुक्त किया गया है। यह टीमें बालश्रम पाए जाने पर इनके पुनर्वास, शिक्षा एवं स्वास्थ्य की समुचित व्यवस्था के प्रति जिम्मेदार होंगी।

इन टीमों में किशोर न्याय बोर्ड तथा बाल कल्याण समिति के सदस्यों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को शामिल किया गया है। प्रत्येक थाने बाल कल्याण अधिकारी को भी इसमें शामिल किया गया है।

जिला कलेक्टर ने बताया कि रीपा के अतिरिक्त निदेशक अरुण प्रकाश शर्मा, स्थानीय निकाय विभाग के उपनिदेशक नरेन्द्रपाल सिंह, डीआईजी स्टाम्प के रामचंद्र बैरवा, एसीएम की बिन्दु खत्री तथा एएसओ सुशीला वर्मा, महिला एवं बाल अधिकारिता विभाग की उपनिदेशक शारदा चौधरी एवं अतिरिक्त आयुक्त कॉलोनाइजेशन रामरतन को टीमों का प्रभारी नियुक्त किया गया है। बालश्रम उन्मूलन के लिए गठित यह टीमें जिले के औद्योगिक क्षेत्रों में स्थापित उद्योग एवं कारखानों, दुकानों एवं वाणिज्यिक संस्थानों, ढ़ाबों तथा होटल की आकस्मिक जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करेगी।

बालश्रम के विरुद्ध जनजागृति का कार्य भी किया जायेगा। अभियान के तहत जिले के समस्त ग्राम पंचायत, ब्लॉक तथा औद्योगिक क्षेत्रों का भी निरीक्षण कर जिले को बालश्रम से मुक्त करवाने की दिशा में प्रयास किए जायेंगे। इसके अतिरिक्त बच्चों में नशाखोरी की प्रवृति पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए भी इन दलों द्वारा संभावित क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया जायेगा।

स्वतंत्रता सेनानी मालचंद सोनी स्मृति समारोह कल

बीकानेर,(कासं)। स्वतंत्रता सेनानी मालचंद सोनी की 17 वीं पुण्यतिथि पर 29 जून को सांय 5 बजे ब्राह्मण स्वर्णकार तीन गुवाड़ पंचायती भवन पुरानी जेल रोड में स्मृति सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा।

ट्रस्ट के महासचिव राजाराम स्वर्णकार ने बताया कि कार्यक्रम में ट्रोमा सेंटर सी.एम. ओ. डॉ. एल. के. कपिल, शिक्षाविद शुक्लाबला पुरोहित, समाजसेवी जुगराज मंडोरा एवं प्रेमरतन मंडोरा का सम्मान किया जायेगा। ट्रस्ट के संरक्षक शिवकुमार सोनी ने बताया कि शिक्षाविद संपादक व्यंग्यकार डॉ. अजय जोशी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कवि कथाकार राजेन्द्र जोशी, विशिष्ठ अतिथि वरिष्ठ लेखक अशफाक कादरी होंगे। कार्यक्रम का संयोजन शायर नासिर जैदी करेंगे।

कोरोना में बंद श्रीगंगानगर-सूरतगढ़ ट्रेनों का संचालन 1 जुलाई से

- कोरोनाकाल में ये ट्रेनें बंद कर दी गई थी

श्रीगंगानगर, (कासं)। कोरोनाकाल में बंद श्रीगंगानगर-सूरतगढ़ ट्रेनों का संचालन एक जुलाई से शुरू होगा।

सांसद निहालचंद के प्रयासों से रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु श्रीगंगानगर-सूरतगढ-श्रीगंगानगर व श्रीगंगानगर-हनुमानगढ-श्रीगंगानगर प्रतिदिन स्पेशल रेलसेवाओं का संचालन किया जा रहा है। जेड आर यू सी सी सदस्य भीम शर्मा के अनुसार ये ट्रेन कोविड के समय से बंद पड़ी थी।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाडी संख्या 04773, श्रीगंगानगर-सूरतगढ प्रतिदिन स्पेशल रेलसेवा 01 जुलाई से श्रीगंगानगर से प्रतिदिन शाम 7.25 बजे रवाना होकर रात्रि 10.35 बजे सूरतगढ पहुंचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 04774, सूरतगढ-श्रीगंगानगर प्रतिदिन स्पेशल रेलसेवा 02 जुलाई से सूरतगढ से प्रतिदिन देर रात्रि 01.15 बजे रवाना होकर प्रात 04.00 बजे श्रीगंगानगर पहुंचेगी।

इसी क्रम में गाडी संख्या 04770, श्रीगंगानगर-हनुमानगढ प्रतिदिन स्पेशल रेलसेवा 01 जुलाई से श्रीगंगानगर से प्रतिदिन शाम 4.25 बजे रवाना होकर 6.00 बजे हनुमानगढ पहुंचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 04767, हनुमानगढ-श्रीगंगानगर प्रतिदिन स्पेशल रेलसेवा 02 जुलाई से हनुमानगढ से प्रतिदिन दोपहर 2.25 बजे रवाना होकर 3.55 बजे श्रीगंगानगर पहुंचेगी।

लोक अदालत को लेकर प्री काउंसलिंग

श्रीगंगानगर, (कासं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के दिशा निर्देशानुसार 13 अगस्त को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री काउंसलिंग के माध्यम से प्रकरणों के अधिकाधिक निस्तारण हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव गजेन्द्र सिंह तेनगुरिया ने सोमवार को तालुका विधिक सेवा समिति न्यायालय परिसर श्रीकरणपुर पर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रशासनिक अधिकारी गण के साथ-साथ इंदिरा बनेरा अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश करणपुर भी उपस्थित थे। तेनगुरिया ने बार संघ श्रीकरणपुर के उपस्थित अधिवक्ता गण के साथ बैठक में लोक अदालत के आयोजनार्थ चर्चा की। अधिवक्ता गण में पक्षकारान के साथ सुलह वार्ता कर प्रकरण का निस्तारण राजीनामा से किए जायेंगे।

क्लाइंबिंग प्रतियोगिता में बिस्सा निर्णायक

बीकानेर,(कासं)। 26वीं वेस्ट जोन की स्पोर्ट क्लाइंबिंग प्रतियोगिता पुणे के शिवाजी नगर स्टेडियम में आयोजित की जायेगी। 7 से 9 जुलाई तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में लीड, स्पीड और बोल्डरिंग के कम्पीटीशन होंगे। आईएमएफ वेस्ट जोन कमेटी द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और गोवा प्रदेश के आरोहक भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता में बीकानेर के आर. के. शर्मा टेक्लीकल डेलीगेट और रोहिताश्व बिस्सा निर्णायक होंगे। जयपुर के दीपक आइशोलेन इंचार्ज बनाये गये है। डॉ. करणी सिंह स्टेडियम में बनी कृत्रिम क्लाइम्बिंग वाल पर अनेक बार जोनल कंपीटीशन राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं हुई।

कपड़ा मिला ना ही राशि, यूनिफॉर्म की कब होगी सिलाई

- सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों को मिलने वाली निःशुल्क यूनिफॉर्म अधरझूल में लटकी
- नया सत्र शुरू होने में मात्र तीन दिन ही बचे

बीकानेर,(कासं)। राज्य के सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों को मिलने वाली निःशुल्क यूनिफॉर्म अधरझूल में लटक रही है। राज्य सरकार ने 2021 में घोषणा तो कर दी लेकिन सरकारी स्कूलों तक अब तक ना तो कपड़ा पहुंचा ना ही सिलाई का बजट। ऐसे में जुलाई से शुरू हो नए सत्र में बच्चे बिना यूनिफॉर्म के स्कूल आयेंगे।

हालांकि इस दौरान सरकार ने यूनिफॉर्म का कलर जरूर बदला है। छह सौ रुपये में दो यूनिफॉर्म देनी है, जिसमें से 425 रुपए कपड़े के और 175 रुपए सिलाई के हैं।

कपड़े की आपूर्ति को लेकर टेंडर प्रक्रिया चल रही है, जिसके बाद विद्यालयों में कपड़ा आयेगा और सिलाई की राशि विद्यालय प्रबंधन समिति के एसएमसी के खातों में जमा होगी।

मुख्यमंत्री ने वर्ष 2021 के बजट भाषण में पहली से आठवीं कक्षा तक के बच्चों को निशुल्क यूनिफॉर्म उपलब्ध कराने की घोषणा की थी। राज्य में 64 हजार 479 सरकारी स्कूलों में पहली से आठवीं तक के 70,77, 465 बच्चे जिसमें 34, 81,646 छात्र व 35, 95,819 छात्राओं को सिली हुई यूनिफॉर्म निशुल्क देने का निर्णय किया।

इसको लेकर टेंडर प्रक्रिया शुरू की लेकिन छह सौ रुपये में दो यूनिफॉर्म देने से राशि कम होने पर विभिन्न फर्म ने मना कर दिया। इसके बाद निर्णय किया गया कि फर्म दो ड्रेस का कपड़ा 425 रुपये में देगी। जबकि सिलाई की राशि 175 रुपये संबंधित स्कूल की एसएमसीके खाते में आयेंगे।

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

क्रमांक :- LU2012/SGN/2022-23/100413 **लोक सूचना** दिनांक : 27.6.2022

श्री अमनदीप पुत्र श्री नरेन्द्र कुमार निवासी चक 2 ई छोटी, श्रीगंगानगर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :-

क्र.सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं./भूमि का विवरण	क्षेत्रफल (हैक्टेयर)
1	चक 17 एमएल तहसील व जिला श्रीगंगानगर	श्री अमनदीप पुत्र श्री नरेन्द्र कुमार	चक 17 एमएल मुरब्बा नं. 09 के किला नं. 21/2 में 0.097 है. किला नं. 22/1 व 24/1 प्रत्येक में 0.179 है. किला नं. 23/2 व 25/2 प्रत्येक में 0.178 है. यथाकुल 0.811 हैक्ट. एवं मुरब्बा नं. 24 के किला नं. 1/1 की 0.019 है. में से 0.0004 है. किला नं. 2/1, 3/1 व 4/1 प्रत्येक में 0.001 है. किला नं. 5/1 की 0.002 है. में से 0.001 है. कुल 0.0044 है. यथाकुल 0.8154 हैक्टेयर	कुल 0.8154 हैक्टेयर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 27.6.2022 को जारी की गयी।

- प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कार्यालय उप-आवासन आयुक्त
राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-बीकानेर

Circle Office:Sector4,Mukta Prashad Nagar,Bikaner, Rajasthan,INDIA
Telephone:91-0151-2940570; Website:urban.rajasthan.gov.in/rhb e-mail ID :dhcbikaner.rhb@rajasthan.gov.in

क्रमांक:-उआआ/आरएचबी/बीका/2022-23/172 दिनांक 10.05.2021

आम सूचना

राजस्थान आवासन मण्डल की श्री बलवंत सिंह पुत्र श्री अवतार सिंह ने आवास आवंटन हेतु पंजीकरण करवाया था। आवंटी को आवास सं.3-ख-26 पवनपुरी, बीकानेर का कुल क्षेत्रफल 115वर्गमीटर का आवंटन पत्र क्रमांक 553 दिनांक 05.02.1980 को जारी किया गया था। उक्त आवास उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर से दिनांक 30.09.2000 पंजीकृत है। तत्पश्चात श्री बलवंत सिंह पुत्र श्री अवतार सिंह ने उक्त आवास बैयनामा के माध्यम से श्रीमति आशा कौर पत्नि श्री औंकार सिंह को बैचान कर दिया गया। उक्त आवास का बैयनामा उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर में दिनांक 30.03.2015 से पंजीकृत है। तत्पश्चात श्रीमति आशा कौर पत्नि श्री औंकार सिंह ने उक्त आवास विक्रय पत्र के माध्यम से श्री पवन कुमार खत्री पुत्र स्व. श्री भगवानदास खत्री एवम् श्रीमति दुर्गा पत्नि श्री पवन कुमार खत्री को बैचान कर दिया गया। उक्त आवास का विक्रय पत्र उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर में दिनांक 31.01.2022 से पंजीकृत है। श्री पवन कुमार खत्री पुत्र श्री भगवान दास खत्री एवम् श्रीमति दुर्गा पत्नि श्री पवन कुमार खत्री ने समस्त पंजीयन प्रपत्रों की सत्यापति छायाप्रति, निर्धारित शुल्क की रसीद जमा करवाकर मण्डल रिकार्ड में अपना नाम दर्ज करने हेतु आवेदन किया है। श्री पवनकुमार खत्री पुत्र स्व. श्री भगवान दास खत्री एवम् श्रीमति दुर्गा पत्नि श्री पवन कुमार खत्री का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज करने की कार्यवाही विचाराधिन है। यदि किसी व्यक्ति/हितकारी को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में 10 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत करे अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकार्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्री पवन कुमार खत्री पुत्र स्व. श्री भगवान दास खत्री एवम् श्रीमति दुर्गा पत्नि श्री पवन कुमार खत्री का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर लिया जाएगा। यदि उक्त आवास में उनके वारिसों एवम् अन्य कोई भी व्यक्ति द्वारा न्यायालय/पुलिस थाना में किसी भी प्रकार का कोई वाद-विवाद पाया गया तो आवंटी स्वयं जिम्मेदार होगा।

सहायक आवासन अधिकारी
राजस्थान आवासन मण्डल वृत बीकानेर

फ्लैगशिप व बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन को प्राथमिकता दें : कलेक्टर

बीकानेर कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने कलेक्ट्रेट सभागार में फ्लैगशिप व बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों की बैठक को संबोधित किया।

- कलाल ने कहा कि जो अधिकारी लापरवाही बरत रहे हैं, उनके विरुद्ध चार्जशीट प्रस्तुत की जाए

बीकानेर,(कासं)। जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने कहा कि फलैगशिप योजनाओं तथा बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। जिला कलेक्टर ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में अधिकारियों को ये निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं और फ्लैगशिप योजनाओं में जिले की परफॉर्मेंस अग्रणी रहे यह सुनिश्चित हो। इसमें किसी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि जो अधिकारी लापरवाही बरत रहे हैं उनके विरुद्ध चार्जशीट प्रस्तुत की जाए।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए भगवती प्रसाद ने कहा कि इन योजनाओं से प्रत्यक्ष रूप से आम आदमी लाभान्वित होता है। अतः संवेदनशील होकर कार्य करें। भगवती प्रसाद कलाल ने जनाधार कार्ड में पंजीकरण बढ़ाने के लिए नुक्कड़ नाटक जैसी गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने श्रीडूंगरगढ़, कोलायत, छतरगढ़ में कॉलेज भवन निर्माण की स्थिति की जानकारी ली और कहा कि चालू सत्र से प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो जाए। जिला कलेक्टर ने कहा कि जिन बजट घोषणाओं के प्रस्ताव तैयार कर राज्य स्तर पर भिजवाए जाने हैं। उनमें विस्तृत फिजीबिलिटी रिपोर्ट साथ में भेजी जाए। खाजूवाला में इंदिरा गांधी शहरी रोजगार योजना में एक्शन प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि बजट घोषणाओं के अनुरूप जिले में 27 पुलिस थानों में स्वागत कक्ष कार्यरत हैं। जिला कलेक्टर ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन, पालनहार, जनाधार कार्ड, मुख्यमंत्री किसान मित्र योजना, महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल,योग नैचुरोपैथी के एकीकृत कालेज, प्रस्तावित पेयजल परियोजना सहित विभिन्न बजट घोषणाओं की समीक्षा की।

11 मेडिकल स्टोर के लाइसेंस निलम्बित

श्रीगंगानगर,(कासं)। मंशा अभियान के अंतर्गत विभिन्न मेडिकल स्टोर की जांच व निरीक्षण किया गया। कमियां व अनियमितता पाये जाने पर 11 मेडिकल स्टोर के अनुज्ञा पत्र निलम्बित किये है तथा एक का निरस्त किया गया।

सहायक निदेशक औषधि नियंत्रक डी. एस. उप्पल ने बताया कि न्यू फ्रैण्ड्स मेडिकोज लालगढ जाटान का 11 से 30 जुलाई, शुभम मेडिकल स्टोर चक 7 ई छोटी का 11 से 20 जुलाई, श्याम मेडिकोज पदमपुर का 11 सक 20 जुलाई तथा वर्मा मेडिकल स्टोर लालगढ जाटान का 11 से 17 जुलाई तक के लिये अनुज्ञापत्रा निलम्बन के साथ-साथ 12 एनडीपीएस शैड्यूल एच-1 औषधियों की अनुमति वापिस ली गई है। इसी प्रकार वर्मा मेडिकल स्टोर करणपुर का 11 से 20 जुलाई, न्यू भारत मेडिकल स्टोर लालगढ़ जाटान का 11 से 15 जुलाई, इण्डियन मेडिकल स्टोर लालगढ़ जाटान का 11 से 13 जुलाई, दशमेश मेडिकल स्टोर रायसिंहनगर का 11 से 13 जुलाई तक निरस्त किया।